न्यूज़लेटर

1 - 30 अप्रैल, 2025

आतंकवाद के खिलाफ पूरा भारत एकजुट होकर खड़ा है

पहलगाम आतंकी हमले पर राहुल गांधी का बयान देखें।

पहलगाम में हुई भयानक त्रासदी के बाद, राहुल गांधी ने स्थिति का जायजा लेने और मदद देने के लिए श्रीनगर का दौरा किया। उन्होंने अस्पताल में आतंकी हमले के घायलों से मुलाकात की और कश्मीरियों से इस हमले के बाद उनकी अर्थव्यवस्था और आजीविका पर पड़े प्रभावो के बारे में बात की। उन्होंने मुख्यमंत्री, उपराज्यपाल और जम्मू-कश्मीर कांग्रेस के नेताओं से भी मुलाकात की और अपना समर्थन दिया।

“

इस हमले के पीछे की मंशा समाज को बांटने और भाई को भाई से लड़ाने की है। ऐसे समय में यह अत्यंत आवश्यक है कि हर भारतीय एकजुट रहे और साथ खड़ा हो-ताकि हम आतंकवादियों की इस साज़िश को नाकाम कर सकें।”

साथ ही, श्रीनगर में उनके दौरे की तस्वीरें भी देखें।

भारत पर सीधा हमला

कांग्रेस पहलगाम में हुए भयावह आतंकी हमले पर कड़ी निंदा व्यक्त करती है। यह कायराना और सुनियोजित आतंकी हमला, जिसकी साजिश पाकिस्तान में रची गई, भारत के मूल्यों पर सीधा हमला है। हिंदुओं को जानबूझकर निशाना बनाना हमारे समाज में विभाजन पैदा करने और उसे खंडित करने की कोशिश थी। कांग्रेस खुफिया विफलताओं और सुरक्षा चूकों का व्यापक विश्लेषण करने की मांग करती है, जिसके कारण ऐसा हमला हुआ। हम पीड़ितों और देश के लिए न्याय की मांग में सरकार के साथ खड़े हैं।

कांग्रेस कार्यसमिति का प्रस्ताव यहां पढ़ें।

भारत को एक साथ लाना

24 अप्रैल, 2025 को राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पहलगाम हमले पर सर्वदलीय बैठक में भाग लिया। भारत सरकार ने विभिन्न दलों को आतंकवादी हमले के बारे में जानकारी दी। इंडिया गठबंधन ने पहलगाम में सुरक्षा चूक के बारे में सवाल पूछे क्योंकि यह सीधे केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में आता है।

राहुल गांधी ने गांधी स्मृति में पहलगाम हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए दिल्ली में कैंडल मार्च में भाग लिया।

अप्रैल की झलकियां

सरकार अमेरिका और चीन पर चुप क्यों है?

संसद में अमेरिका के टैरिफ पर भारत की प्रतिक्रिया को लेकर सरकार से सवाल पूछा। राहुल गांधी ने लद्दाख में भारतीय क्षेत्र पर चीन के कब्जे को लेकर भी सरकार की आलोचना की।

कांग्रेस अपनी विरासत की ओर लौट रही है

गुजरात के अहमदाबाद में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी (AICC) सत्र में भाग लिया। कांग्रेस ने सरदार पटेल के देश और पार्टी के प्रति उनके योगदान के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। राहुल गांधी ने चुनावों के दौरान निष्ठावान कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बेहतर प्रतिनिधित्व और सम्मान देने की वकालत की।

जिला कार्यकर्ताओं का सशक्तिकरण

गुजरात के मोडासा में कांग्रेस जिला कार्यकर्ताओं को मजबूत जिला नेतृत्व के महत्व पर सम्बोधित किया। उन्होंने जिला स्तर के कार्यकर्ताओं को वित्तीय और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के महत्व पर जोर दिया।

सत्य की राह पर

नेहरू सेंटर के लिए एक पॉडकास्ट में संदीप दीक्षित के साथ जवाहरलाल नेहरू को याद किया। राहुल गांधी ने बताया कि पंडित नेहरू की सत्य की खोज ने कैसे उन्हें प्रेरित किया। उन्होंने पंडित नेहरू के बारे में व्यक्तिगत कहानियां भी साझा कीं, जो उनकी दादी इंदिरा गांधी ने उन्हें सुनाई थीं।

भारतीय वस्त्र उद्योग को पुनः वैश्विक महाशक्ति बनाना

दिल्ली में एचपी सिंह फैब्रिक्स चलाने वाले परिवार के साथ भारत की समृद्ध वस्त्र विरासत पर चर्चा की। राहुल गांधी ने भारत के सामने आने वाली चुनौतियों और भारत को वैश्विक वस्त्र उद्योग की महाशक्ति के रूप में पुनः सशक्त बनाने के तरीकों पर भी बात की।

जहाँ चाह वहाँ राह

प्रतिभाशाली डिजाइनर विक्की से मुलाकात, जिन्होंने डिजाइन उद्योग में ओबीसी उद्यमियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की। राहुल गांधी ने जरदोज़ी के साथ काम करना भी सीखा, जो कि भारत के कारीगरों के हुनर का प्रमाण है।

अंबेडकर जयंती का पर्व

अंबेडकर जयंती पर संसद में बाबासाहेब अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की।

राजनीति की भाषा मोहब्बत की भाषा होनी चाहिए

तेलंगाना के हैदराबाद में राज्य सरकार द्वारा आयोजित 'भारत समिट' को संबोधित करते हुए, राहुल गांधी ने कहा कि नफरत की राजनीति समाप्त होनी चाहिए और उन्होंने एकता व विकास पर आधारित नए राजनीतिक दृष्टिकोण की जरूरत पर भी बात करी। उन्होंने दुनिया भर के प्रगतिशील नेताओं से लोकतांत्रिक मूल्यों को पुनर्स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि

नई दिल्ली के अपोस्टोलिक नन्सिएचर में पोप फ्रांसिस के निधन पर शोक व्यक्त किया।



CLICK TO **SUBSCRIBE** TO THIS NEWSLETTER